माँ मेरा मन करता है

माँ मेरा मन करता है एक बार दर पे बुला ले मेरा मन करता है...

काले काले बाल मैया के,
सिंदूर लाल लाल मैया का,
माथे की बिंदिया बनाले मेरा मन करता है.........

गोरा गोरा मुखड़ा मैया का,
आँखें काली काली हैं,
आँखों का सूरमा बना ले मेरा मन करता है.......

गोरी गोरी बाँह मैया की,
चूड़ा लाल लाल है,
हाथों पे मेहँदी लगाने मेरा मन करता है........

लाल लाल चोला मैया का,
चुन्नर लाल लाल है,
चूनर पे घोटा लगाने मेरा मन करता है...

छोटे छोटे पैर मैया के,
पायल चोटी चोटी है,
पैरों पे महवर लगाने मेरा मन करता है....

सोने सोने छोले मैया के,
हलवा सोना सोना है,
आ करके भोग लगा ले मेरा मन करता है.........

प्यारा है दरबार मैया का,
संगत प्यारी प्यारी है,
आ करके दर्श दिखा दे मेरा मन करता है......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/31199/title/maa-mera-man-karta-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |